Title Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-142 सागवाड़ा, सोमवार, 24 जनवरी, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

### कलेक्टर शुभम चौधरी ने ली पहली मंडे मीटिंग, विभागीय योजनाओं की प्रगति का लिया

# कोविड सेम्पल रिपोर्ट आने में हो रही देरी पर जताई नाराजगी

**डूंगरपुर।** जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में पहली मंडे मीटिंग ली। मीटिंग में कलेक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियो से विभागीय योजनाओं की प्रगति का फीडबेक लिया वही सरकार की मंशानुरूप योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन करते हुए पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। वही जिले में कोविड सेम्पल रिपोर्ट आने में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए 24 घंटे में रिपोर्ट उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए है।

कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित मंडे मीटिंग में एडीएम कृष्णपाल सिंह चौहान, जिला परिषद सीईओ अतुल प्रकाश सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में कलेक्टर चौधरी ने जिले में कोरोना संक्रमण, सेम्पलिंग, वेक्सिनेशन, बिजली, पानी, पेयजल, मौसमी बीमारियां, सड़को की स्थिति की समीक्षा, स्कूलों में शिक्षक छात्र पोजेटिव आ रहे है उसकी समीक्षा, नंदी शाला खोलने कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश सम्बंधित अधिकारियो को दिए। बैठक में बिजली विभाग के अधिकारियो ने ट्रांसफार्मर चोरी की बढती वारदातों से सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति की समस्या को बताया।

जिस पर कलेक्टर ने मामले में एसपी से बात कर राहत पहुचाने की बात कही। वही शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकतर स्कूलों में विषय विशेषज्ञो की कमी चलते कोर्स पूरा नहीं होने का मामला सामने आया जिस पर कलेक्टर चौधरी ने सभी पीईईओ को उनके क्षेत्र में मौजूद विषय विशेषज्ञो को उनके नजदीकी स्कूलों में जाकर कोर्स पूरा करवाने के निर्देशित करने के निर्देश दिए है।



## 24 घंटे में मिले कोरोना सेम्पल की जाँच रिपोर्ट

बैठक में जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने कोरोना संक्रमण, सेम्पलिंग, वेक्सिनेशन की स्थिति की समीक्षा की। वही कलेक्टर ने लोगो द्वारा कोरोना सेम्पल की जांच रिपोर्ट में आ रही देरी की शिकायतों पर नाराजगी जताई। वही कलेक्टर ने मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को कोरोना जांच लेब में संसाधनों व मेन पावर की कमी यदि और कोई परेशानी है उसे दूर करते हुए कोरोना सेम्पल देने के बाद 24 घंटे में जांच रिपोर्ट उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए है।

## सोमकमला बाँध क्षेत्र में बजरी के अवैध खनन के खिलाफ करे कार्रवाई

बैठक में एडीएम कृष्णपाल सिंह चौहान ने आसपुर क्षेत्र में स्थित सोमकमला आम्बा बाँध क्षेत्र में जगह-जगह बजरी के अवैध खनन की आ रही शिकायतो के बारे में सिंचाई विभाग के अधिकारियो से जानकारी ली। जिस पर सिंचाई विभाग के एसई ने बताया की समय-समय पर पुलिस व खनिज विभाग की ओर से कार्रवाई की जाती है लेकिन उसके बावजूद भी खनन माफिया बाज नहीं आ रहे है।

जिस पर कलेक्टर शुभम चौधरी ने एडीएम कृष्णपाल सिंह चौहान को आरएसी जवानो का सहयोग लेते हुए अलग-अलग टीम बनाकर एक अभियान के रूप में अवैध बजरी खनन क्षेत्र में कार्रवाई के निर्देश दिए।

# कलेक्टर शुभम चौधरी ने विभागीय योजनाओं की प्रगति को लेकर सागवाड़ा एसडीएम, तहसीलदार बीडीओ की ली बैठक

**डूंगरपुर।** जिला कलेक्टर शुभम चौधरी के पदभार सँभालने के बाद सोमवार को पहली बार सागवाड़ा उपखंड क्षेत्र के दौरे पर रही। जिला कलेक्टर के सागवाड़ा पहुचने पर उपखंड कार्यालय में एसडीएम राजीव द्विवेदी सहित विभागीय अधिकारियो ने स्वागत किया। जिसके बाद उपखंड कार्यालय में जिला कलेक्टर चौधरी ने विभागीय योजनाओं की प्रगति को लेकर उपखंड स्तरीय अधिकारियो की बैठक ली। बैठक में उपखंड अधिकारी द्विवेदी ने क्षेत्र की जानकारी देते हुए योजनाओ की प्रगती रिपोर्ट को अवगत कराया। वही तहसीलदार डॉ. मयूर शर्मा ने राजस्व विभाग से जुडी जानकारी दी। बैठक में विकास अधिकारी सुनील शाह ने ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग से जुडी योजनाओ की प्रगती रिपोर्ट जिला कलेक्टर को बताई। वही जिला कलेक्टर चौधरी ने बैठक में उपस्थित अधिकारियो को विभिन्न विभागों की योजनाओ को आमजन तक पहुचाने के निर्देश दिए।



वही मनरेगा में श्रमिको की संख्या को लेकर विकास अधिकारी को विशेष निर्देश दिए। साथ ही जिन योजनाओ की प्रगती रिपोर्ट में शिथिलता थी उसको लेकर उस पर कार्य करने की आवश्यकता जताई। वही जिला कलेक्टर ने टीएडी से जुडी योजनाओ को लेकर उपखंड अधिकारी को भी निर्देश दिए। वही बैठक में जिला परिषद सीईओ अतुल प्रकाश भी मौजूद रहे ।

# किसानों को जागरूक कर मंडियों में ई-पेमेंट को बढ़ावा दें :गहलोत

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि कृषि उपज की कीमतों को ज्यादा प्रतियोगी बनाने के लिए मंडियों में ऑनलाइन व्यापार को बढ़ावा दें और ई-पेमेंट को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि किसानों को ई-पेमेंट के फायदों की जानकारी होगी, तो वे स्वयं आगे बढ़कर इसे अपनाएंगे। उन्होंने इसके लिए किसानों को जागरूक करने की आवश्यकता पर जोर दिया। गहलोत सोमवार को मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कृषि विपणन विभाग की बजट घोषणाओं एवं विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि उत्पादों का मूल्य संवर्धन करने एवं किसानों को उपज की उचित कीमत दिलाने के लिए आधारभूत संरचना का विकास जरूरी है। उन्होंने कहा कि इसके लिए काश्तकारों को ई-पेमेंट वाली सफलतम मंडियों की विजिट कराई जाए। साथ ही, कृषि विपणन विभाग पायलट प्रोजेक्ट के तहत मंडियों का चयन कर किसानों को जागरूक करे और मंडी विशेष को शत-प्रतिशत ई-पेमेंट आधारित बनाने के लिए अभियान चलाएं।

# गेंहू की फसल में कीटनाशक दवा का छिड़काव करते किसान की मौत, 2 बच्चों के सिर से उठा पिता

**डूंगरपुर।** जिले के रामसागड़ा थाना क्षेत्र के धमलात फला गांव में गेंहू की फसल में कीटनाशक दवाई का छिड़काव करते समय एक किसान बेहोश होकर गिर गया। डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इधर किसान की मौत से 2 बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। डूंगरपुर जिले के रामसागड़ा थानाधिकारी बाबूलाल डामोर ने बताया कि धमलात फला गांव का रहने वाला तेजेंद्र (30) पुत्र शंकरलाल रोत किसान है और खेतीबाड़ी का काम करता है। थानाधिकारी डामोर ने बताया की तेजेंद्र रोत का गांव के ही जयकृष्ण रोत के बीच भागीदारी में खेत है, जिसमें दोनों ने गेंहू की फसल की है। उन्होंने बताया की आज सुबह तेजेंद्र रोत खेत पर गेंहू की फसल में कीटनाशक दवाई का छिड़काव करने गया था और खेत में कीटनाशक दावा का छिडकाव कर रहा था। इस दौरान कीटनाशक दवा का छिडकाव करते समय अचानक बेहोश होकर नीचे गिर गया। जिस पर आसपास के खेतो में काम कर रहे लोग तुरन्त उसके पास पहुंचे और उसे खेत से उठाकर सडक किनारे लाये। इसके बाद परिजन बेहोशी के हालत में तेजेंद्र को लेकर जिला अस्पताल आये । जहा पर डॉक्टर ने जांच के बाद तेजेंद्र को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर रामसागड़ा थाना पुलिस डूंगरपुर जिला अस्पताल पंहुची। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट करवाया । वही पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। वही पुलिस ने मृतक के भाई देवीलाल रोत की रिपोर्ट पर केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। मृतक के बेटा संदीप (10) ओर बेटी मोनिका (8) साल है। तेजेंद्र की मौत के बाद दोनों बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया।



## राजस्थान में हर तीसरा सैंपल पॉजिटिव, रिकॉर्ड 23 मौतें

**जयपुर।** राजस्थान में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 9480 नए केस मिले हैं, जबकि 23 लोगों की मौत हुई है। इसमें सबसे ज्यादा 5 मौत जोधपुर जिले में हुई है। जोधपुर के अलावा सोमवार को जयपुर, झालावाड़ समेत 13 जिलों में कोरोना से मौत हुई है। 11 जून के बाद आज पहला ऐसा मौका है कि कोरोना से एक दिन में 23 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। 7 दिन बाद प्रदेश में 10 हजार से कम केस आए हैं। 18 जनवरी को 9 हजार 711 मामले सामने आए थे। राजस्थान में सैंपल भी बहुत कम हुए। हर तीसरा सैंपल जांच में पॉजिटिव मिला है। मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट की रिपोर्ट के अनुसार, सबसे ज्यादा 2424 मरीज जयपुर में मिले हैं। इसके अलावा जोधपुर में 621, अलवर 754, डूंगरपुर 488, उदयपुर 457, चित्तौड़गढ़ 394, अजमेर 391 और हनुमानगढ़ में 359 केस मिले हैं।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पुनिया का डूंगरपुर दौरा, किसानो की कर्जमाफी मामले में कांग्रेस पार्टी पर साधा निशाना

# राज्यसभा सांसद की माता के निधन पर व्यक्त की शोक संवेदना





**डूंगरपुर।** प्रदेश भाजपा के मुखिया सतीश पुनिया आज डूंगरपुर जिले के एक दिवसीय दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने उदय बिलास पैलेस पहुंचकर राज्यसभा सांसद हर्षवर्धन सिंह की माता के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की वही शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

वही अपने दौरे के दौरान मीडिया से रूबरू होते हुए पुनिया ने किसानो की कर्जमाफी मामले में प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पुनिया आज डूंगरपुर पहुंचे जहा भाजपा स्वच्छ भारत मिशन के प्रदेश संयोजक व पूर्व सभापति के के गुप्ता ने निवास पहुँचने पर केके गुप्ता सहित सहित भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभु पंड्या, प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा, जिला प्रमुख सूर्य अहारी और नगर परिषद् सभापति अमृत कलासुआ और कार्यकर्ताओ ने प्रदेश अध्यक्ष पुनिया का फूलमालाओ से स्वागत किया। इसके बाद सतीश पुनिया ने समर्पण निधि संग्रहण अभियान और भाजपा स्वच्छ भारत अभियान सम्बंधित पोस्टरों का विमोचन किया। इस दौरान सतीश पुनिया मीडिया से भी रूबरू हुए प्रदेश की कांग्रेस सर्कार पर जमकर निशाना साधा। पुनिया ने कहा कि राजस्थान में 2018 में राहुल गाँधी चुनाव प्रचार के लिए आये थे। तब उन्होंने अपनी जनसभाओं में कहा था की यदि कांग्रेस पार्टी की सरकार आती है तो राजस्थान के किसानो का पूरा कर्जा माफ़ करेंगे। वही कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में भी किसानो से यही वादा किया था। लेकिन आज राजस्थान के किसानो की जमीने नीलाम हो रही है वही हताश और निराश किसान आत्महत्या करने को मजबूर है। ये इस बात का सीधा-सीधा प्रमाण है की कांग्रेस पार्टी, राहुल गांधी और अशोक गहलोत झूठ बोल रहे है और उन्होंने किसानो से वायदाखिलाफी की है। वही दिल्ली में इंडिया गेट पर अमर जवान ज्योति बुझाने को लार चल रहे विवाद पर पुनिया ने कहा कि कल आदमकद मूर्ति नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की लगी और उसी के साथ अमर जवान ज्योति को एक जगह मर्ज किया ताकि शहादत की इस ज्वाला को नई पीढ़ी के लोग देख सके और प्रेरणा ले सके। कांग्रेस इस पर सियासत करती है और खीज मिटाती है। इसके बाद सतीश पुनिया राज्यसभा सांसद हर्षवर्धन सिंह के निवास पर पहुचे और सांसद की दिवंगत माता स्वर्गीय देव कुमारी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

# रीट भर्ती 2021 की विज्ञप्ति में एडिशनल डिग्री धारियों को शामिल करने की मांग, अभ्यर्थियो ने सीएम के नाम दिया ज्ञापन

**डूंगरपुर।** जिले के रीट भर्ती के अभ्यर्थियों ने सरकार द्वारा रीट भर्ती 2021 की विज्ञप्ति में एडिशनल डिग्री धारियों को शामिल नहीं किये जाने पर आक्रोश है। अभ्यर्थियो ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन देकर एडिशनल डिग्री धारियों को रीट भर्ती 2021 की विज्ञप्ति में शामिल करने की मांग की है। प्रदेश में एक और जहा रीट भर्ती में पद बढाने को लेकर आन्दोलन चल रहा है वही प्रदेश में रीट भर्ती 2021 की विज्ञप्ति में एडिशनल डिग्री धारियों को शामिल करने की भी मांग अभ्यर्थी कर रहे है। इसी के तहत डूंगरपुर जिले के रीट भर्ती के अभ्यर्थी आज कलेक्ट्रेट पहुंचे और रीट भर्ती 2021 की विज्ञप्ति में एडिशनल डिग्री धारियों को शामिल करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर अभ्यर्थियो ने बताया की 26 सितम्बर को आयोजित रीट अध्यापक पात्रता परीक्षा में ग्रेजुएशन के समकक्ष अतिरिक्त विषय में डिग्री प्राप्त अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल किया गया था लेकिन जब 32 हजार पदों पर भर्ती की विज्ञप्ति जारी की गई तो इन अभ्यर्थियों को आवेदन प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जा रहा है।



# सागवाड़ा में यूथ कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी का पुतला फूंका

**सागवाड़ा।** यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों ने सोमवार को नगर के गोल चौराहे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका। भारतीय युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीनिवास और प्रदेश अध्यक्ष गणेश घोघरा के निर्देशानुसार यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव अरविंद डामोर, सागवाड़ा युवा नेता यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष, एवं जिला परिषद सदस्य हरीश अहारी के नेतृत्व मे सुरभी कोपलेक्स स्थित कांग्रेस कार्यालय से रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए गोल चौराहे पहुंचे और वहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। जिला परिषद सदस्य हरीश आर्य ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले कई दशकों से इंडिया गेट पर शहीदों की याद में जल रही अमर जवान ज्योति को बुझा दिया। देश का हर नागरिक व कांग्रेस पार्टी इसका विरोध करती है । इस दौरान जमकर भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। इस अवसर पर नगर पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया, उपाध्यक्ष राजू भाई शेख, सेवादल जिला उपाध्यक्ष मुस्तफा, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष रोशन पाटीदार, दिनेश पाटीदार, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष प्रकाश अहारी, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष सुनील डेंडोर, पार्षद इंद्रजीत मकवाना, यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष दक्षिण मंडल जतिन व्यास, शांतिलाल पाटीदार, उप सरपंच गजेंद्र सिंह, आफताब शेख, जवाहरलाल, दामोदर आदि मौजूद थे।



# राजस्थान गौ सेवा समिति की डूँगरपुर जिला कार्यकारिणी का गठन

**डूंगरपुर।** राजस्थान गो सेवा समित के प्रदेश अध्यक्ष महंत दिनेश गिरी एवं महामंत्री रघुनाथ सिंह राजपुरोहित ने डूंगरपुर जिला कार्यकारिणी की घोषण कर दी है। संरक्षक कथावाचक कमलेश शास्त्री, जिला अध्यक्ष विनोद कुमार पंचाल धम्बोला डूंगरपुर, उपाध्यक्ष एडवोकेट गजेन्द्र सिंह खरोडिया आसपुर, प्रकाश पटेल डूंगरपुर, सचिव ऋषि दवे डूंगरपुर, सह सचिव मगनलाल यादव चिबुडा, कोषाध्यक्ष रणजीत कुमार जैन डूंगरपुर, संगठन मंत्री भगवती लाल पंचाल सामलिया, मीडिया प्रभारी आशीष पण्डया धम्बोला व ललित जैनभीलूडा, प्रचार मंत्री अनिल चौबीसा डूंगरपुर वही राजस्थान गो सेवा समित की डूंगरपुर जिला कार्यकारिणी के सलाहकार मनोनीत किये गए है जिसमे गोवर्धनलाल यादव डूंगरपुर, जगदीश प्रजापत सागवाड़ा, डॉ. हितेश पाटीदार वांदरवेड, शुभम सुथार सकानी व बालगोविंद पाटीदार चाडोली को मनोनीत किया है। साथ ही सक्रिय सदस्यों के रूप में शीतल पण्डया डूंगरपुर, श्वेता जैन डूंगरपुर, नरेन्द्र भगत भीलूडा, चन्द्रशेखर पारगी छोटा दिवडा, नरेश पाटीदार छोटा दिवडा, प्रहलाद जोशी दिवडा, शारदा मालपानी डूंगरपुर, रमेश परियानी डूंगरपुर, सरजीत मिश्रा डूंगरपुर व पुखराज सिंह ठाकरडा को मनोनीत किया है। राजस्थान गो सेवा समित के प्रदेश अध्यक्ष महंत दिनेश गिरी ने गठित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए तहसील स्तर पर कार्यकारिणी का गठन व जिले में संचालित गोशाला की सूची प्रदेश समिति को भिजवाने के निर्देश दिए साथ ही जिले में संचालित गोशालाओ में चारे पानी की विशेष गंभीर स्थिति हो तो तत्काल प्रदेश समिति को अवगत कराने के निर्देश दिए ।



प्रकाश पटेल
उपाध्यक्ष



गजेन्द्र सिंह खरोडिया
उपाध्यक्ष



विनोद कुमार पंचाल
जिलाध्यक्ष



ऋषि दवे
सचिव



भगवतीलाल पंचाल
संगठन मंत्री



रणजीत कुमार जैन
कोषाध्यक्ष